जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक-01.03.2025**

थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला सुभाषनगर कस्बा बनत में गाली गलौज व अवैध हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि दिनांक 15.02.2025 को वादी श्री भीष्म सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी मौहल्ला सुभाषनगर कस्बा बनत थाना आदर्शमंडी जनपद शामली ने अपने पुत्र निश्छल चौधरी पर कुछ व्यक्तियों द्वारा गाली गलौच करने व एक राय होकर जानलेवा हमला करने के सम्बन्ध थाना आदर्शमंडी पर 05 नामजद व 02 अज्ञात के विरुद्ध लिखित तहरीर दी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमंडी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक शामली ने उपरोक्त घटना को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्तगण की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी थाना आदर्शमंडी को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 01.03.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला सुभाषनगर कस्बा बनत में गाली गलौज व अवैध हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमंडी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगी हुयी हैं। शीघ्र ही शेष अभियुक्तगण की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.राज गिरि उर्फ राज गोस्वामी पुत्र विरेश उर्फ विरेशपाल निवासी मौहल्ला जवाहरनगर कस्बा बनत थाना आदर्शमंडी जनपद शामली।

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 01.03.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1.इसरार पुत्र यूसूफ निवासी बिडौला बस स्टैड के पास कस्बा व थाना झिंझाना जनपद शामली ।

2.सतीश पुत्र गोधू निवासी ग्राम बीबीपुर जलालाबाद थाना झिंझाना जनपद शामली ।